**प्रेस नोट** **20/08/2024**

## एक शातिर चोर गिरफ्तार कब्जे से चोरी की मोटर समरसेवल, एक अदद मोनोब्लाक मोटर, एक अदद तमन्चा व कारतूस तथा घटना में प्रयुक्त एक अदद कार स्विफ्ट डिजायर बरामद–

पुलिस अधीक्षक मऊ श्री इलामारन जी के निर्देशन में अपराध/अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक श्री महेश सिंह अत्री व क्षेत्राधिकारी मुहम्मदाबाद के कुशल पर्यवेक्षण में थाना रानीपुर पुलिस को उस समय अहम सफलता हाथ लगी जब आज दिनांक 20.08.2024 को देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान जरिये मुखबिर कि सूचना पर पिरुवा रोड के गेट के पास एक कार रास्ते मे खड़ी हुई दिखाई दी जिससे पुछताछ की गई तो उसके द्वारा नाम पता मनोज यादव पुत्र राम आधार यादव निवासी ग्राम नेवादा थाना रानीपुर जनपद मऊ थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 115/2024 धारा 305ए बीएनएस व मु0अ0सं0 120/2024 धारा 305(ए) बीएनएस से संबंधित चोरी की मोटर समरसेवल एक एचपी, एक अदद मोनोब्लाक मोटर 3 एचपी व एक अदद नाजायज तमंचा मय एक अदद जिंदा कारतूस 12 बोर बरामद हुआ कड़ाई से पूछताछ पर पता चला कि 1. अभिषेक यादव पुत्र रामविलास यादव निवासी जगदीशपुर कुड़िया थाना चिरैयाकोट जनपद मऊ 2. गोलू यादव उर्फ युवराज यादव पुत्र शिवकुमार यादव निवासी सुहवल थाना चिरैयाकोट जनपद मऊ, 3. धर्मेन्द्र यादव पुत्र चन्द्रबली यादव निवासी मोलनापुर थाना जहानागंज जनपद आजमगढ़ हम चारो लोग एक साथ मिलकर चोरी/छिनैती करते थे। इस सम्बन्ध में पंजीकृत उक्त अभियोग में धारा 317(2), 317(4) बीएनएस व 3/25 आयुद्ध अधिनियम के अन्तर्गत धाराओं की बढोत्तरी कर चालान न्यायालय किया गया। तथा धटना में प्रयुक्त वाहन को अन्तर्गत 207 एमवी एक्ट सीज किया गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त–**

1. मनोज यादव पुत्र राम आधार यादव निवासी ग्राम नेवादा थाना रानीपुर जनपद मऊ।

**बरामदगी–**

1. मोटर समरसेवल एक एचपी, एक अदद मोनोब्लाक मोटर 3एचपी।
2. एक अदद नाजायज तमंचा मय एक अदद जिंदा कारतूस 12 बोर।
3. घटना मे प्रयुक्त कार स्विट डिजायर युपी 17एल 0005 ।

**आपराधिक इतिहास–**

1. मु0असं0 115/2024 धारा 305ए,317(2), 317(4) बीएनएस थाना रानीपुर जनपद मऊ।
2. मु0अ0सं0 120/2024 धारा 305(ए) , 317(2), 317(4) बीएनएस व 3/25 आर्मस एक्ट थाना रानीपुर जनपद मऊ।
3. मु0अ0सं0 377/2024 धारा 303(2) बीएनएस थाना जहानागंज जनपद आजमगढ़

**गिरफ्तारकर्ता पुलिस टीम–**

1. उ0नि0 अख्तर अली, हे0का0 श्याम सुन्दर, कां0 विकास सिंह, चालक हे0का0 नागेन्द्र सिंह।

**वांछित अभियुक्तगण-**

1. अभिषेक यादव पुत्र रामविलास यादव निवासी जगदीशपुर कुड़िया थाना चिरैयाकोट जनपद मऊ।

2. गोलू यादव उर्फ युवराज यादव पुत्र शिवकुमार यादव निवासी सुहवल थाना चिरैयाकोट जनपद मऊ।
3. धर्मेन्द्र यादव पुत्र चन्द्रबली यादव निवासी मोलनापुर थाना जहानागंज जनपद आजमगढ़।

**जनपद मऊ के समस्त थानों पर आयोजित किया गया वादी दिवस-**

आज दिनांक 20.08.2024 को पुलिस अधीक्षक मऊ श्री इलामारन जी के निर्देशन में जनपद के समस्त थानों पर पंजीकृत मुकदमें से सम्बन्धित समस्त वादियों को नोटिस भेज कर प्रत्येक माह के तीसरे मंगलवार को आयोजित वादी दिवस पर बुलाया गया था। इसी क्रम में क्षेत्राधिकारी घोसी श्री दिनेश दत्त मिश्र द्वारा थाना घोसी में उपस्थित रहकर मुकदमें से सम्बन्धित वादियों से वार्ता किया गया तथा समस्याओं को संज्ञान में लेकर मुकदमें से सम्बन्धित विवेचकगण को निष्पक्ष व त्वरित आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। इसी क्रम में समस्त थाना प्रभारी द्वारा थानों पर उपस्थित रहकर मुकदमा वादियों की समस्याओं को सुना गया।
साथ ही साथ थानों पर पंजीकृत मुकदमा वादियों को बुलाकर उनकी समस्याओं को सुनकर शीघ्र निस्तारण हेतु सर्वसंबंधित को निर्देशित किया गया

**02 वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार–**

आज दिनांक 20.08.2024 को जनपद के विभिन्न थानों द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान थाना मधुबन पुलिस द्वारा वारण्टी अभियुक्त मल्लू पुत्र बन्धु निवासी चौधरीपुर थाना मधुबन तथा घोसी पुलिस द्वारा वारण्टी अभियुक्त संदीप राजभर पुत्र शिवलाल निवासी होलीपुर थाना घोसी जनपद मऊ को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

आगामी त्यौहारो को लेकर जनपद मऊ में शांति/सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखने के दृष्टिगत आज दिनांक 20.08.2024 को सायंकाल पुलिस अधीक्षक मऊ श्री इलामारन जी द्वारा भारी संख्या में जनपदीय पुलिस बल के साथ मऊ मुहम्मदाबाद क्षेत्र के भीड़-भाड़ वाले स्थानों एवं महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों के आस-पास रूट मार्च/पैदल गस्त कर आम जनमानस में शांति/सुरक्षा व्यवस्था के प्रति आश्वस्त किया गया तथा आस-पास शांति/सुरक्षा व्यवस्था आदि का जायजा लिया गया। साथ ही साथ समस्त थाना क्षेत्रान्तर्गत क्षेत्राधिकारी/प्रभारी निरीक्षकों के नेतृत्व में रुट मार्च/पैदल गस्त कर आम जनमानस में शांति/सुरक्षा व्यवस्था के प्रति आश्वस्त किया जा रहा है तथा संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों के विरुद्ध सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।

पुलिस अधीक्षक मऊ श्री इलामारन जी के निर्देशन में अपर जिलाधिकारी श्री सत्यप्रिय सिंह व अपर पुलिस अधीक्षक श्री महेश सिंह अत्री द्वारा आज दिनांक 20.08.2024 को पुलिस लाईन मीटिंग हॉल में आगामी उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा को त्रुटि रहित एवं सकुशल सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत अधिकारी/कर्मचारीगण को

आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। इस दौरान परीक्षा से सम्बन्धित विभिन्न व्यवस्थाओ के बारे में चर्चा की गयी तथा सीसीटीवी कैमरों एवं शांति/सुरक्षा व्यवस्था से संबन्धित विभिन्न बिन्दुओं पर प्रकाश डालते हुए सर्वसम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये । साथ ही साथ यातायात व्यवस्ता से संबंधित महत्तवपुर्ण बिन्दओं के बारे में संबंधित को बताया गय। इस औसर पर क्षेत्राधिकारी नगर श्री अंजनी कुमार पाण्डेय, क्षेत्राधिकारी घोसी श्री दिनेश दत्त मिश्र, क्षेत्राधिकारी यातायात श्री शीतला प्रसाद पाण्डेय व प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर तथा अन्य पुलिस कर्मचारीगण तथा प्रशासनिक अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे ।